THE D3PUTV MINISTER IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI GIRDHAR GO MANGO): (a) and (b) According to the report received from the State Government of Madhya Pradesh, a report was k>dg3d with the Police Station, Civil Lines, Morena on 10th May, 1986 that the cottage of a Harijan was set on fire. Another report was lodged with the Police Station on 13th May, 1986 that the Gujar-Thakurs have set the houses of Harijans on fire due to enmity, A case was registered against the three accused. Additional Di>trict Magistrate and other officers rushed to the spot and fire was brought under control by deploying two fire brigades. 27 families were affected in the incident and the estimated loss is of Rs. 1,06,000. Relief measures were immediately taken. Tents wer provided for immediate relief. Rs. 14,400/- were distributed on the spot as a token of help to the affected families. Help was also provided by the Red Cross Society. A loan of Rs. 82,500 has also been sanctioned for the rehabilitation of the affected families. The police have also arrested three accused persons. Departmental enquiry into the case is also being conducted. On the demand of the Harijans, 13 licences for arms have been sanctioned. The construction of houses is being done free of cost under Rural Landless Employment Assurance Scheme for the Harijans of the village whose houses were burnt.

Distribution of Finished Steel through Private Dealers by SAIL

1586. SHRI N. E. BALARAM : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Steel Authority of India has decided to appoint private dealers for distribution of finished steel in different cities ; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI K.C. PANT) : (a) and (b) SAIL have formulated a proposal for appointment of dealers from the private and public sectors to extend its distribution set up. Approval has not so far been given to the scheme.

उत्तर प्रदेश में दूरदर्शन केन्द्र

1587. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में अगले दो वर्षों में कहां-कहां नए दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किए जाने की योजना है ;

(ख) इन योजनाओं में कुल कितने रुपये की लागत आएगी ; और

(ग) इन योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी०एन० गाडगिल) : (क) और (ग) लखनऊ में रंगीन प्रचालन के लिए सुसज्जित पूर्णरूपेण दूरदर्शन स्टूडियो केन्द्र इस समय छठी योजना की जारी स्कीम के रूप में कार्यान्वयनाधीन है । दूरदर्शन की सातवीं योजना में कार्यक्रम निर्माण सुविधाओं के साथ उच्च शक्ति (10 किलो वाट) वाला एक ट्रांसमीटर बरेली में, एक स्टूडियो केन्द्र इलाहाबाद में अल्प शक्ति (100वाट) वाला एक एक ट्रांसमीटर हरिद्वार, बांदी, बलिया, लखीमपुर, उरई, ललितपुर, पूरनपुर, तथा टनकपुर में; तथा अति अल्प शक्ति (2X100वाट) वाला एक एक ट्रांसमीटर रानीखेत, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा हल्द्वानी, गोपेश्वर, गंगोत्री तथा कौसानी में स्थापित करने की स्कीमें शामिल हैं । बलिया में अल्प शक्ति (100वाट) वाले ट्रांसमीटर तथा लखनऊ में स्टूडियो केन्द्र के क्रमशः 1986-87 तथा 1987-88 के अंत तक चालू हो जाने की उम्मीद है । शेष ट्रांसमीटर योजनागत संसाधनों

के वार्षिक आबंटन, आवश्यक उपकरणों की सप्लाई करने में स्वदेशी निर्माताओं द्वारा लिए जाने वाले समय तथा समग्र प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हुए चरणबद्ध ढंग से स्थापित किए जा सकते हैं ।

(ख) इन स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए सातवीं योजना में लगभग 35 करोड़ रुपए के परिव्यय का आबंटन किया गया है ।

नई दिल्ली में अशोक रोड में दूषित पेयजल की सप्लाई

1588. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अशोक रोड क्षेत्र, नई दिल्ली में दूषित पेयजल की सप्लाई के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में क्या उपचारी उपाय किए गए हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलबीर सिंह) : (क) और (ख) जी नहीं, तथापि, कभी-कभी मटमैले पानी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं । जिन्हें तत्परता से दूर कर दिया जाता है ।

(ग) सम्पूर्ण नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में स्वच्छ पानी की सप्लाई का अध्ययन मैसर्स टाटा कनसल्टिंग इंजीनियर्स को सौंपा गया है और 3 से 4 महीने में उनकी अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त हो जाने की आशा है । सी०आई० सिस्टम के जो भाग बहुत पुराने हो गए हैं उन्हें बदलने के भी प्रस्ताव हैं ।

Distribuiiou of Surplus Land in Village Bhalaswa, Jehangirpur, Delhi

1589. SHRIF. M. KHAN : Will the Minister ©f AGRICULTURE be pleased *to* state :

(a) what is the area of land with Khasra numbers vested with the Gram Sabha Bhalaswa. Jehangirpur, Delhi after the Land Refoims Act, 1954 and the Land Ceiling Act, 1960 came in force ;

(b) the area of surplus land acquired by Government, the amount of compensation paid and the area of such land vested with the Gram Sabha. Bhalaswa :

(c) number of persons in unauthorised occupation of the Panchayat land and the area of land under their occupation :

(d) the area of surplus land distributed amongst the rural landless, the number of the persons to whom land was allotted and the area of land yet to be distributed ;

(e) whether some allottees of surplus land have been dispossessed and whether Government received complaints to that effect during the last three years : and

(f) if so, what are the details in this regard and what action has been taken by Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI RAMANAND YADAV) : (a) to (f) Informatin will be furnished as-soon as it is received from the Delhi Administration which has been addressed in the matter.

कोरबा उर्वरक परियोजना

1590. **श्री शरद यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले के कोरबा नामक स्थान में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा "कोरबा उर्वरक परियोजना" का शिलान्यास 1973 में किया गया था ;